भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5619
जिसका उत्तर मंगलवार, 28 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड

5619. श्री बी. श्रीरामुलु:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के पुनर्गठन हेतु बोर्ड (बी आर पी एस ई) ने कर्नाटक के बैल्लारी जिले में स्थित तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड होस्पीटे के लिए कोई रोकड़/गैर-रोकड़ सहायता की कोई सिफारिश अथवा अनुमोदन दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बी आर पी एस ई की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सी पी एस ई के पुनरुद्धार की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, नहीं।

(ख): जी, हां।

(ग): संयुक्त उद्यम भागीदारों को ज्ञात करने के प्रयासों के बावजूद भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ किसी संयुक्त उद्यम का गठन नहीं किया जा सका। निजी क्षेत्र के साथ विनिवेश को भी मूर्त रूप नहीं दिया जा सका। वर्तमान में कंपनी के पुनरुद्धार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******